# सुपर-30 फेम आनंद कुमार ने युवाओं के साथ साझा किए अनुभव



dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (6 April):** सुपर-30 फेम फेमस गणितज्ञ पद्मश्री आनंद कुमार ने युवाओं को प्रोत्साहित किया. उनके करियर और जीवन से संबंधित क्वेश्चंस का उत्तर भी दिया. यूपीईएस यूनिवर्सिटी में एक टीचर के रूप में उन्होंने न केवल युवाओं को प्रेरित किया. बल्कि, इंजीनियरिंग करियर को आगे बढ़ाने और जीवन में आने वाले चैलेंजेस के समाधान करने के लिए मार्गदर्शन किया.

## करियर के रास्ते बनाने को प्रोत्साहन

यूपीईएस यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम आयोजित संवाद प्रोग्राम में भावी युवा इंजीनियरों को आनंद कुमार के साथ सीधे बातचीत करने का पहली बार मौका मिला. कई सेशंस में उन्होंने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और प्रेरणा के साथ उन्हें सशक्त बनाते हुए आगे बढ़ने के रोडमैप पर प्रकाश डाला. आनंद कुमार ने कहा कि सफलता केवल जेईई स्कोर से निर्धारित नहीं होती है. उन्होंने ऑप्शन रास्ते तलाशने, पूरा जीवन और सफल करियर बनाने की दिशा में अपना रास्ता बनाने के लिए प्रोत्साहित किया.

## स्टूडेंट्स ने साझा किए अनुभव

कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने यूपीईएस के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र कुलदीप पाराशर जैसे युवा उद्यमियों के साथ भी बातचीत की. जिन्होंने 2021 में पेंशन बाक्स की स्थापना की. पेंशन बाक्स भारत का अग्रणी डिजिटल पेंशन प्लेटफार्म है, जो व्यक्ति की सेवानिवृत्ति की उम्र, स्थान की परवाह किए बिना उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के लिए पेंशन योजनाओं को तैयार करने में मदद करता है. यूपीईएस के एक अन्य पूर्व छात्र सिद्धिविनायक दुबे ने भी जेईई एस्पीरेंट्स से लेकर माइक्रोसॉफ्ट में एक सफल सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने तक के अपने अनुभव को लेकर जानकारी शेयर की.